संदेश

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और उनकी खुशहाली एवं समृद्धि की मंगलकामना करता हूं। यह पर्व अच्छाई की जीत और बुराई की समाप्ति के रूप में मनाया जाता है।

दुर्गा पूजा का पर्व हमारे परिवारों की बेटियों के प्रति हमारे प्यार की अभिव्यक्ति है। यह स्त्री शक्ति, उर्जा और संकल्प का प्रतीक है। आइए, हम एक ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लें जहां महिलाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य करें और विकास के हर क्षेत्र में बराबर की भागीदारी बनें। इस अवसर पर, हमारा पूरा देश समृद्ध और खुशहाल बने।